# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Karnal **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0012 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 02/05/2025 19:19 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | IPC 1860 | 120-B |
| 2 | IPC 1860 | 409 |
| 3 | IPC 1860 | 420 |
| 4 | IPC 1860 | 467 |
| 5 | IPC 1860 | 468 |
| 6 | IPC 1860 | 471 |
| 7 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(2) |
| 8 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(a) |
| 9 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1)(b) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 14/05/2022 **Date To (दिनांक तक):** 13/05/2024

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 00:00 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 02/05/2025 **Time (समय):** 18:35 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 018 **Date and Time (दिनांक और समय):** 02/05/2025 18:43 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 40 Km (s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** Nagar nigam Panipat,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

**6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** रणबीर सिहँ निरीक्षक

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 01/01/1969 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **2206, PS ACB Knl, ACB, Karnal, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **2206, PS ACB Knl, ACB, Karnal, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9896671082

**7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेकेदार राजकुमार हुडडा पूजा कोन्सुलेशन कम्पनी | | | 1. पानीपत, PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 2 | ठेकेदार सन्दीप खत्री IND सैनीटेशन सोलूशन प्राईवेट लिमिटेड | | | 1. पानीपत, PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 3 | जितेन्द्र कुमार उप निगम आयुक्त | | | 1. पानीपत, PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 4 | प्रदीप कुमार कार्यकारी अभियंता | | | 1. पानीपत, PANIPAT,HARYANA,INDIA |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | अजय कुमार लेखाकार | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 6 | विनोद कुमार लेखाकार | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 7 | अजय छौक्कर कनिष्ठ अभियंता | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 8 | रिन्कु मुख्य सफाई निरीक्षक | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 9 | जितेन्द्र मुख्य सफाई निरीक्षक | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 10 | गुरमीत सहायक सफाई निरीक्षक | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 11 | प्रीतम सिह उप निदेशक ऑडिट | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 12 | सुरेन्द्र नांदल अनुभाग अधिकारी | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 13 | कुलदीप सिह अनुभाग अधिकारी | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |
| 14 | दिनेश मुख्य लेखा अधिकारी | | | 1.<br>पानीपत,<br>PANIPAT,HARYANA,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

सेवा में, प्रबन्धक अफसर, थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो , करनाल मण्डल, करनाल। श्रीमान जी, निवेदन है कि जांच रिपोर्ट पत्र क्रंमाक न. 1301/CB/CID/PKL Dated 16.02.2023 बाद जांच अजीत सिह, ह.पु.से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यमन्त्री उडन दस्ता (ह) करनाल व मुख्य सचिव हरियाणा सरकार चौकसी विभाग के यादि पृष्ठाक क्रमाक न. 52/07/2023-5VII चण्डीगढ दिनांक 30.04.2025 की अनुपालना में अतिरिक्त महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा पंचकुला के पृष्ठ क्रमांक 7611/I-5/ACB(H) dated 01.05.2025 व पृष्ठ क्रमांक 7761/I-5/ACB(H) dated 02.05.2025 अनुसार अभियोग अंकित करने बारे प्राप्त हुई है। जो इस प्रकार से है की (क) नगर निगम पानीपत क्षेत्र में नालो की सफाई का कार्य मैसर्ज पूजा कैन्सुलेशन कम्पनी सोनीपत द्वारा दिनांक 07.05.2018 से 13.05.2022 तक किया गया था। जिसमें दिनांक 03.10.2018 को 100 कर्मचारियों की संख्या से बढ़ाकर 150 की जाकर ठेका राशि में बढ़ोतरी की गई थी। नगर निगम कार्यालय या सफाई शाखा के अधिकारियों द्वारा फर्म के नाला सफाई के कार्यों तथा सफाई कर्मचारियों की संख्या को चैक किए जाने के सम्बंध में कोई रिकार्ड नगर निगम कार्यालय में मौजूद नहीं पाया गया है। जिससे स्पष्ट है कि इस कार्य की चैकिंग नगर निगम के अधिकारियों द्वारा नहीं की गई थी।

(ख) नगर निगम क्षेत्र में बाजारों की रात्रि सफाई का कार्य नैसर्ज पूजा फैन्सुलेशन कम्पनी सोनीपत द्वारा दिनाक 10.01.2019 से 13.05.2022 तक किया गया था। बाजारों में रात्रि सफाई के कार्य के निरीक्षण के लिये तत्कालीन अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता एव लेखा अधिकारी को अलग-2 निर्धारित करते हुये प्रतिदिन निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये आयुक्त नगर निगम द्वारा आदेश क्रंमाक 1632 दिनांक 29.04.2019 जारी किये गये थे। परन्तु उपरोक्त नियुक्त अधिकारियो द्वारा कोई भी निरीक्षण रिपोर्ट निगम कार्यालय मे प्रस्तुत नही की गई। कोई भी निरीक्षण रिपोर्ट निगम के रिकार्ड मे मौजूद नही पाई गई है।

(ग) हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सैल्टरो मे सड़क पार्किग की सफाई व कूडा उठान के कार्य का ठेका पार्वती इंटरप्राईजिज रोहतक को दिनांक 04.07.2016 को ई-टैन्डर प्रकिया उपरान्त कार्य अलॉट किया गया था जिसके बाद सैक्टरो का क्षेत्र हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से शहरी स्थानीय निकाय हरियाणा को सफाई के कार्य के लिये अलॉट कर दिया था जिस कारण फर्म का पानीपत क्षेत्र के सैक्टरो की सफाई के कार्यो का आगामी भुगतान नगर निगम पानीपत द्वारा किया गया था दिनांक 31.08.2020 को उपरोक्त फर्म का विलय मैसर्ज आई.एन.डी सैनिटेशन सोलूशन प्रा.लि. मे फर्म मालिक द्वारा कर कर दिया गया था फर्म के खिलाफ शिकायतो के आधार पर नगर निगम द्वारा माह नवम्बर 2020 से मार्च 2022 तक 7 बार जुर्माना भी किया गया था निगम द्वारा फर्म की ठेके की राशि मे एग्रीमैन्ट मे निर्धारित शर्त मानते हुये प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृदि की गई है। जबकि ठेके की शर्तो मे कम्पनी का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर राशि मे वृदि किये जाने का सुझाव था। फर्म के खिलाफ शिकायत प्राप्त होने के आधार पर फर्म पर निगम द्वारा कई बार जुर्माना भी किया जा चुका था। इसे दरकिनार करते हुये निगम आयुक्त द्वारा फर्म की राशि मे 5 प्रतिशत राशि की प्रतिवर्ष वृदि की जानी पाई गई है ठेका की शर्तो मे फर्म के कार्यक्षमता का आंकलन किये जाने सम्बधी कोई मापदण्ड निर्धारित नही किये गये थे। भविष्य़ मे किसी फर्म को कार्य अलॉट करने से पूर्व उसके कार्यक्षमता के आकलन बारे मापदंड सुनिश्चित किये जाये।

(घ) नगर निगम क्षेत्र को 4 जोनों में बांटा जाकर गलियों की सफाई झाडियों की कटाई तथा कलेक्शन बिन्दु तक कूड़ा बुलाई के कार्य को मैसर्ज आई0एन0डी0 सैनीटेशन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम व मैसर्ज पूजा कसुलेशन कम्पनी सोनीपत को ई-टैण्डर की प्रक्रिया उपरान्त दिनांक 14.05.2022 से 13.05.2024 तक कुल 02 वर्षो के लिए कार्य अलॉट किया हुआ है। नगर निगम पानीपत क्षेत्र में उपरोक्त चारों जोनों में सफाई व कूड़ा उठान का कार्य ठेका कम्पनियों द्वारा किया जा रहा है तथा डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का कार्य मैसर्ज जे0बी0एम0 कम्पनी को दिया हुआ है। इस समय नगर निगम पानीपत में कुल 539 सफाई कर्मचारी (155 स्थाई 384 पालिका सेल) कार्यरत है। नगर निगम पानीपत क्षेत्र में सडकों/गलियों की सफाई कार्य के लिए एस्टीमेंट में कुल 978 किलोमीटर क्षेत्र लम्बाई आंकी गई थी। जिसमें से कुल 653 किलोमीटर क्षेत्र की सफाई का कार्य ठेका कम्पनियों द्वारा किया जाना तथा शेष 325 किलोमीटर क्षेत्र की सफाई का कार्य नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा किया जाना प्रस्तावित था। जिसके आधार पर ही ठेका की राशि निर्धारित की गई थी। इस समय नगर निगम पानीपत के सफाई कर्मचारियों द्वारा चारों जोनों में नालों/नालियों की सफाई की जाती है। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को डयुटी अलॉट किए जाने सम्बन्धी कोई भी लिखित आदेश नहीं है। इन सफाई कर्मचारियों को सफाई कार्य के लिए चारों जोनों में बांटा गया है। जबकि सभी जोन में सफाई कार्य से सम्बन्धित ठेका फर्मों को भी दिया गया है। जाँच के दौरान नगर निगम में कोई ऐसा रिकॉर्ड या तथ्य नहीं पाया

गया। जिससे फर्म के व नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य का आंकलन किया जा सके। जिसका फायदा ठेका कम्पनी द्वारा उठाया जाकर अपने क्षेत्र में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों से भी कार्य लिया जा रहा है। अतः अनुशंसा की जाती है कि उपरोक्त ठेकों को निरस्त करके वैज्ञानिक आधार पर दोबारा से नगर निगम क्षेत्र का सर्वेक्षण करवाकर नए सिरे से ठेके दिए जाए, ताकि नगर निगम में नियुक्त 539 सफाई कर्मचारियों का सफाई के कार्य में सदुपयोग किया जा सके। सफाई के कार्य फर्मों को अलॉट करके व ठेके के रेट बढ़ाए जाने के बावजूद आम जनता की राय में समानुपातिक सुधार सफाई के कार्य में नहीं आया है। सफाई कार्यों के लिए नगर निगम पानीपत द्वारा चारों जोनों के टैण्डर दिनांक 08.04.2022 को मांगे गए। ई-टैण्डर प्रकिया में मात्र 19 दिन दिनांक 08.04.2022 से 27.04.2022 का समय दिया गया। जबकि DGS D Manual 1999 के chapter 13 (13.7 F) के अनुसार 21 दिन का समय टैंडर के लिए अनिवार्य है और टैंडर ओपन की तिथि या तो महीने की 15th या आखिरी तारीख होनी चाहिए। जबकि उपरोक्त मामलें में तिथि 8th को टेंडर जारी किया गया और तिथि 27th को तकनिकी बीड खोलने का समय रखा गया। अतः पर्याप्त समय टेंडर प्रक्रिया के लिए नहीं दिया गया। ई-टेंडर प्रक्रिया के दौरान उक्त टैंडरों में pre-bid मीटिंग के लिए RFP में तिथि 15.04.2022 अंकित की गई। निगम के दस्तावेजों अनुसार 18.04.2022 को दोपहर 3 बजे मिटींग करवाई गई। जिसमें प्रदीप कल्याण XEN, दिनेश कुमार Accounts अफसर अजय छोकर जे0ई0 जितेन्द्र सिंह CSI व गुरमीत सिंह ASI शामिल हुए, परन्तु किसी भी फर्म ने भागीदारी नहीं की। यह दस्तावेज निगम द्वारा मात्र खानापूर्ति के लिए बनाया जाना प्रतीत होता है, क्योंकि मिटींग में हाजिर दर्शाए गए अधिकारियों में से सभी ने अपने हस्ताक्षर तिथि 18th की जगह तिथि 19th अप्रैल 2022 की तारीख में किए हुए है। यह दस्तावेजों को और संदिग्ध बनाता है कि तिथि 18 की मिटींग के बारे में एक दस्तावेज में कहा गया कि किसी फर्म ने हिस्सा नहीं लिया और लैटर क्रमांक 2326 दिनांक 20.04.2022 जो उपलब्ध करवाया गया, उसमे दर्शाया गया है कि तिथि 18th की pre-bid मिटिंग में दो फर्म के अनधिकृत प्रतिनिधि तथा टेंडर प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए गठित कमेटी के सदस्यों ने भागीदारी की। सरकार के नियमानुसार pre-bid मिटिंग अनिवार्य है। जबकि टेंडर प्रक्रिया का अहम हिस्सा जिसे सही से नहीं अपनाया गया। ई-टेंडर प्रक्रिया के दौरान विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करवाना अनिवार्य होता है। ताकि टेण्डर में प्रतिभागिता बढ़े और अच्छे तुलनात्मक रेट लगे। उक्त टैंडरों वो सदर्भ में निदेशक जन सम्पर्क विभाग हरियाणा की एडवरटाइजिंग पॉलिसी के तहत निर्देशक जन सम्पर्क विभाग हरियाणा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाना था। जिसकी बजाय मात्र दैनिक जागरण समाचार पत्र दिल्ली सस्करण में दिनांक 11.04.2022 को प्रकाशित करवाया गया। जबकि नगर निगम आयुक्त ने दस्तवेजों में टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक भास्कर व अमर उजाला समाचार पर्चे के एडिटर को भी ई-टेंडर नोटिस छपवाने के लिए लिखा हुआ है। इस पत्र के सदर्भ में समाचार पत्रो टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक भास्कर व अमर उजाला में विज्ञापन हुआ या नहीं बारे नगर निगम पानीपत में न ही तो किसी भुगतान और ना ही इन समाचार पत्रो में विज्ञापन प्रकाशित करवाये गए विज्ञापन का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध है। अतः टैंडर की पब्लिसिटी में सही पक्रिया नहीं अपनाई गई। इसके अतिरिक्त ई-टेंडर के लिए गठित कमेटी द्वारा बनाए गए एस्टीमेट में दर्शाए गए सफाई कर्मचारियों की संख्या व अन्य शर्तो को ठेकेदारों के एग्रीमेन्ट, DNIT व वर्क ऑर्डरों में स्पष्ट रूप से नही खोला गया। जाँच के दौरान जोन न0 01 व 02 की ठेका कम्पनी मैसर्ज IND सैनिटेशन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड व जोन में 3 व 4 की ठेका कम्पनी मैसर्ज पूजा कन्सोलेशन कम्पनी द्वारा नगर निगम पानीपत में चारो जोनों में लगाये गए सफाई कर्मचारियों की लिस्ट नगर निगम पानीपत के कार्यालय के माध्यम से प्राप्त की गई। जोन न0 01 व 02 की ठेका कम्पनी मैसर्ज IND सैनिटेशन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कुल654 सफाई कर्मचारियों की बजाए 484 सफाई कर्मचारिया की सूचि उपलब्ध कराई गई। जोन न0 03 व 04 की ठेका कम्पनी मैसर्ज पूजा कन्सोलेशन कम्पनी द्वारा कुल 548 सफाई कर्मचारियों की बजाए 454 सफाई कर्मचारियों की सूचि उपलब्ध करवाई गई। अतः चारों जोनों में सफाई कर्मचारी रात्रि सफाई कर्मचारी सुपरवाईजरों व मैनेजरों की RFP व एस्टीमेट में अंकित कुल संख्या 1263 अंकित है, परन्तु दोनों ठेका कम्पनियों द्वारा कुल 938 कर्मचारियों की सूचि उपलब्ध करवाई गई। अतः प्राप्त सूचि अनुसार एस्टीमेट के हिसाब से कुल 321 कर्मचारी कम पाए गए। जाँच के दौरान भौतिक निरीक्षण के दौरान भी ठेका कम्पनी द्वारा RFP व एस्टीमेट में अंकित सफाई कर्मचारी से कम संख्या में पेश किए गए। कम पाए गए 325 कर्मचारियों का खर्च एस्टीमेट अनुसार करीब 53,00,000/- रूपये मासिक बनता है। इस प्रकार RFP में निर्धारित शर्तों की पालना ना किए जाने के कारण सीधा-2 ठेकेदारों को अनुचित लाभ हो रहा है व सरकार को अनुचित हानि हो रही है। नगर निगम पानीपत में सफाई के सन्दर्भ में बिलो के भुगतान के बारे में जांच पर सामने आया है कि नगर निगम पानीपत को जोन न0 1 में मैसर्ज IND सैनिटेशन सोलूशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा माह नवम्बर 2022 में 88,70,000/- रुपये जोन न0

2 का IND सैनीटेशन सोलूशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा माह नवम्बर 2022 में 94,90,000/- रुपये जोन न0 3 का मैसर्ज पूजा कन्सोलेशन कम्पनी द्वारा माह नवम्बर 2022 में 84,36,930/- रुपये व जोन न0 4 का मेसर्ज पूजा कन्सोलेशन कम्पनी द्वारा माह नवम्बर 2022 में 82,36,936/- रुपये का बिल प्रस्तुत किया गया था। जिसमें से नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जुर्माना के तौर पर 70 से 80 हजार रुपये प्रति बिल की कटौती की जाकर जाकर सम्बंधित कम्पनी को बिल की अदायगी की गई है। IND सैनीटेशन सोलूशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा जोन न0 1 व 2 तथा पूजा कन्सोलेशन कम्पनी द्वारा जोन नम्बर 3 व 4 के सफाई कार्य से सम्बंधित दिनाक 13.05.2022 को मिले वर्क आर्डर अनुसार दिनांक 29.05.2022 तक परफारमेंस बैंक गारंटी पेश की जानी थी। जिसे दोनों ही कंपनियों से उनके द्वारा जमा कराए गए EMD राशि के अगेंस्ट मानने के लिए 25.05.2022 को नगर निगम आयुक्त को लिखा गया। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी दस्तावेज उपरोक्त बैंक गारंटी से सम्बधित नगर निगम पानीपत विभाग उपलब्धः नहीं करवा पाया। उपलब्ध करवाए गए दस्तावेजो अनुसार चारो ही जोन में सफाई ठेकेदारो की EMD की नगर निगम में जमा राशि बैंक गारंटी से ज्यादा थी। इसके अतिरिक्त सफाई कर्मचारी कम लगाने के अनावश्यक खर्च को ठेकेदारों के बिलों से नगर निगम के अधिकारियों द्वारा काटा नहीं गया। सिर्फ खानापूर्ति के लिए बिना किसी दस्तावेजी तर्क के मनमाने ढंग से प्रत्येक बिल में करीब 70 से 80 हजार रूपये की पेनल्टी लगा कर बिल ड्रा किये गए है। जो कि सफाई ठेकेदारों के माध्यम से निज स्वार्थ में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा सरकारी राजस्व का गबन किया जा रहा है। जिस पर अभी तक वर्तमान नगर निगम आयुक्त पानीपत द्वारा शिकायत होने के बावजूद भी कोई सज्ञान नहीं लिया गया है।

अत नगर निगम पानीपत के कर्मचारियो/अधिकारियो द्वारा नगर निगम पानीपत के क्षेत्र मे सफाई के कार्य की टैंडर प्रक्रिया मे जल्दी टैंडर खोलकर टैंडरो बारे समाचार पत्र मे नियमानुसार विज्ञापन की प्रक्रिया पूर्ण ना करके व प्री-बीड मीटिंग की केवल खानापूर्ति करके नियमो की अवहेलना की गई। जिससे अन्य फर्मो/ठेकेदारो को टैंडर मे भाग लेने का मौका नही मिला। RFP के अनुसार सफाई कार्य हेतु 1259 व्यक्ति लगाने थे परन्तु फिजीकल वैरिफिकेशन के दौरान 412 व्यक्ति कम मिले, जबकि नगर निगम पानीपत के कर्मचारियो/अधिकारियो द्वारा 1259 सफाई कर्मचारियो के कार्य अनुसार ही बिलो का भुगतान करके सरकार को 2 वर्ष के ठेके मे लगभग 66 लाख रूपये मासिक राजस्व का नुकसान किया गया व ठेकेदारो के साथ मिलीभगत करके अपने पद का दुरूपयोग करके सफाई का ठेका कम्पनी पूजा कोन्सूलेशन कम्पनी व IND सैनीटेशन सोलूशन प्राईवेट लिमिटेड के ठेकेदारो को अनुचित लाभ पहुचाया गया।

अत सफाई ठेकेदार राजकुमार हुडडा पूजा कोन्सुलेशन कम्पनी जोन न0 1 व 2 तथा सफाई ठेकेदार सन्दीप खत्री IND सैनीटेशन सोलूशन प्राईवेट लिमिटेड जोन न0 3 व 4 की नगर निगम पानीपत के अधिकारियो/कर्मचारियो जितेन्द्र कुमार उप निगम आयुक्त, प्रदीप कुमार कार्यकारी अभियंता, अजय कुमार लेखाकार, विनोद कुमार लेखाकार, अजय छौक्कर कनिष्ठ अभियंता, रिन्कु मुख्य सफाई निरीक्षक, जितेन्द्र मुख्य सफाई निरीक्षक, गुरमीत सहायक सफाई निरीक्षक, प्रीतम सिह उप निदेशक ऑडिट, सुरेन्द्र नांदल अनुभाग अधिकारी, कुलदीप सिह अनुभाग अधिकारी व दिनेश मुख्य लेखा अधिकारी के साथ स्पष्ट तौर पर मिलीभगत करके अपने -2 पदो का दुरूपयोग करके, फर्जीवाडा व गबन करके सरकार को वितिय हानि पहुचाने पर व ठेकेदारो को अनुचित लाभ पहुचाने पर उपरोक्त के खिलाफ अपराध जेर धारा 420, 409, 467, 468, 471, 120-बी भा.द.स व 13(1)(ए),13(1)बी,13(2) पी.सी. एक्ट 1988 का घटित होना पाया जाने पर अभियोग अंकित करने हेतु तहरीर सेवा में पेश है। अजः- थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, करनाल मण्डल करनाल। Sd/- Ranbir Singh Insp निरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, करनाल मण्डल करनाल । दिनांक 02.05.2025 At 6.30 PM. अज थानाः- उपरोक्त तहरीर पर कायमी अभियोग सख्या 12 दिनांक 02-05-2025 धारा 420, 409, 467, 468, 471, 120-बी भा.द.स व 13(1)(ए),13(1)बी,13(2) पी सी एक्ट 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल मण्डल, करनाल दर्ज रजिस्टर किया जाकर FIR की कम्पयूटरकृत प्रतिया तैयार करके अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट अफसरान बाला वा डयुटी मैजिस्ट्रेट साहब पानीपत को बजरियां E-Mail सूचना दी गई । नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर को अफसरान बाला के आदेशानुसार आगामी अनुसन्धान हेतू निरीक्षक हेमराज थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उप केन्द्र पानीपत के हवाले की जायेगी। उपरोक्त अभियोग प्रबन्धक अफसर थाना के कोड से निरीक्षक तेजपाल, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल मण्डल, करनाल की हाजरी में दर्ज रजिस्ट्रर किया गया है।

**13.**

**Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही** : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद **सं.** 2 में उल्लेख धारा के तहत है.**):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Tejpal **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** PSI **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम): Tejpal**

**Rank (पद): Inspector** (Inspector of Police)

**No. (सं.):**

**14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15. Date and time of dispatch to the court (**अदालत में प्रेषण की **दिनांक** और समय**):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (**प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद *7* **संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | 1980 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 2 | Male | 1977 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 3 | Male | 1979 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 4 | Male | 1985 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 5 | Male | 1984 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 6 | Male | 1986 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 7 | Male | 1987 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 8 | Male | 1989 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 9 | Male | 1989 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 10 | Male | 1983 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 11 | Male | 1982 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 12 | Male | 1986 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 13 | Male | 1984 | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 14 | Male | 1983 | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**